# आमिर खान प्रोडक्शंस, माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और कबीर खान फिल्म्स ने की 'सिलक्यारा 41' की घोषणा

सुलेना मजुमदार अरोरा



भारत और ऑस्ट्रेलिया के मज़बूत होते रिश्तों के बीच एक ऐतिहासिक सिनेमाई साझेदारी सामने आ रही है।

आमिर खान प्रोडक्शंस (भारत), माइंड ब्लोइंग फिल्म्स (ऑस्ट्रेलिया) और कबीर खान फिल्म्स ने अपनी नई फीचर फिल्म 'सिलक्यारा 41' की घोषणा की है। यह फिल्म उत्तराखंड के सिलक्यारा टनल रेस्क्यू मिशन से प्रेरित है, जिसमें 41 मज़दूरों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए चले ऐतिहासिक बचाव अभियान और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध टनल विशेषज्ञ एवं ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य के गौरव प्रोफेसर अर्नोल्ड डिक्स की अहम भूमिका को बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा। यह वास्तविक घटना 2023 में दुनिया भर की सुर्खियां बनी थी, जब 41 मज़दूर 17 दिनों तक सुरंग में फंसे रहे और एक बड़े बचाव अभियान के बाद सुरक्षित निकाले गए।

इस फिल्म की कहानी मशहूर ऑस्ट्रेलियाई स्क्रीनराइटर एंड्रयू अनास्तासियोस (द वाटर डिवाइनर) ने लिखी है और इसका निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार कबीर खान (बजरंगी भाईजान, '83) करेंगे। यह फिल्म भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रचनात्मकता, कहानी कहने की परंपरा और फिल्म निर्माण के अनुभव को साथ लाने वाली एक ऐतिहासिक साझेदारी है।

यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध एक नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं। दोनों देशों के नेता और प्रतिनिधिमंडल आपसी सहयोग को और मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। ऐसे में 'सिलक्यारा 41' दोनों देशों के साझा मूल्यों, सहयोग और मानवता की भावना का प्रतीक बनकर सामने आ रही है।

आमिर खान, निर्माता और संस्थापक, आमिर खान प्रोडक्शंस ने कहा, "माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और आमिर खान प्रोडक्शंस के बीच इस ऐतिहासिक साझेदारी की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। सिलक्यारा टनल रेस्क्यू की कहानी ने मुझे गहराई से प्रभावित किया। यह साहस, धैर्य, सूझबूझ और इंसानियत की ऐसी कहानी है, जिसमें असंभव लगने वाली परिस्थितियों के बीच भी उम्मीद जिंदा रही। आज जब भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने रिश्तों के एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं, ऐसे खास दिन पर इस फिल्म की घोषणा करना हमारे लिए बेहद गर्व की बात है। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि दो देशों के साथ मिलकर बनाई जा रही ऐसी कहानी है जो अंतरराष्ट्रीय सहयोग और इंसानी जज़्बे की जीत का जश्न मनाती है।"

**निर्देशक कबीर खान ने कहा**, "सिलक्यारा टनल रेस्क्यू हाल के वर्षों की सबसे प्रेरणादायक सच्ची घटनाओं में से एक है। यह सिर्फ एक रेस्क्यू ऑपरेशन नहीं, बल्कि साहस, धैर्य और सामूहिक प्रयास की कहानी है। मुझे सबसे ज़्यादा इसकी मानवीय संवेदनाओं ने आकर्षित किया सुरंग में फंसे लोगों की ज़िंदगी, बाहर इंतज़ार कर रहे उनके परिवार और वे सभी लोग जिन्होंने मिलकर इस असंभव लगने वाले मिशन को सफल बनाया। इस सच्ची और प्रेरणादायक कहानी को बड़े पर्दे पर लाना मेरे लिए सम्मान की बात है।"

**प्रोफेसर अर्नोल्ड डिक्स ने कहा**, "सिलक्यारा रेस्क्यू किसी एक व्यक्ति की कहानी नहीं थी। यह अलग-अलग देशों, संस्कृतियों और विशेषज्ञताओं से आए लोगों के एक साथ मिलकर एक ही लक्ष्य के लिए काम करने की कहानी थी - 41 मज़दूरों को सुरक्षित घर पहुंचाना। मुझे खुशी है कि यह असाधारण कहानी अब दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचेगी। उम्मीद है कि यह फिल्म लोगों को याद दिलाएगी कि जब इंसान मिलकर काम करते हैं तो वे किसी भी चुनौती को पार कर सकते हैं।"

मितु भोमिक लांगे एएम, संस्थापक एवं सीईओ, माइंड ब्लोइंग फिल्म्स ने कहा, "जब मैंने पहली बार सिलक्यारा रेस्क्यू के बारे में सुना, तभी मुझे लगा कि यह कहानी बड़े पर्दे पर जरूर आनी चाहिए। यह उम्मीद, संघर्ष और सामूहिक प्रयास की कहानी है। आमिर खान प्रोडक्शंस के साथ इस फिल्म पर काम करना हमारे लिए बेहद खास है। हमें विश्वास है कि यह भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच फिल्म निर्माण के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सहयोग साबित होगी और दोनों देशों की गहरी होती दोस्ती का उत्सव भी होगी।"

विक्टोरिया की प्रीमियर जैसिंटा एलन ने कहा, "विक्टोरिया और भारत के बीच पहले से ही मज़बूत संबंध हैं और 'सिलक्यारा 41' जैसी सह-निर्माण परियोजनाएं इन रिश्तों को और मजबूत करेंगी। यह फिल्म हमारी साझा कहानी को दुनिया तक पहुंचाएगी एक ऐसी कहानी जो परिवार, मेहनत, समुदाय, उम्मीद और सिनेमा के प्रति हमारे साझा प्रेम पर आधारित है।"

ऑस्ट्रेलिया के गृह एवं कला मंत्री टोनी बर्क ने कहा, "भारत और ऑस्ट्रेलिया के सहयोग की इससे बेहतर कहानी शायद ही कोई हो सकती है। मुझे बेहद खुशी है कि 'सिलक्यारा 41' जैसी प्रेरणादायक कहानी अब बड़े पर्दे पर दिखाई जाएगी।"

'सिलक्यारा 41' उस ऐतिहासिक बचाव अभियान की सच्ची कहानी को बड़े पर्दे पर लेकर आएगी, जिसने दुनिया भर के करोड़ों लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। यह फिल्म दिखाएगी कि कैसे कठिन परिस्थितियों में इंसानी सूझबूझ, टीमवर्क और अटूट हौसले ने एक असंभव दिखने वाले मिशन को सफल बनाया।

इस फिल्म को भारत और ऑस्ट्रेलिया की संयुक्त रचनात्मक और तकनीकी टीम मिलकर तैयार करेगी, ताकि साहस, सहयोग और मानवता की यह प्रेरणादायक कहानी दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंच सके। फिल्म की स्टारकास्ट, अन्य निर्माण साझेदारों और रिलीज़ से जुड़ी जानकारी जल्द ही साझा की जाएगी।